तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 रात को सपना लेकर सोए थे और सुबह उनकी चली गई सरकार : नेताम

## खबर संक्षेप

### ननि अमले ने की मेरिन ड्राइव की सफाई

**अम्बिकापुर।** नगर निगम द्वारा आयुक्त अभिषेक कुमार की पहल पर पिछले चार दिनों से शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ननि अमले द्वारा चिन्हित स्थानों की विशेष साफ-सफाई की जा रही है। अभियान के तहत रविवार को मेरिन ड्राइव तालाब एवं खालपारा मोहल्ले की साफ-सफाई की गई। स्वच्छता कर्मियों ने मेरिन ड्राइव की सीढ़ियों पर पड़े पूजा सामग्री एवं तालाब में तैर रहे प्लास्टिक थैलियों सहित अन्य तरह की गंदगी को साफ किया। स्वच्छता कर्मियों ने विश्वकर्मा मंदिर से सटे हिस्से के कचरे को साफ किया। मेरिन ड्राइव तालाब की साफ-सफाई करने के उपरांत अमले ने खालपारा की नालियों एवं गलियों की सफाई की। स्वच्छता निरीक्षक अवधेश पांडेय ने बताया कि आयुक्त के निर्देशन में अलग-अलग वार्डों में स्थल चिन्हांकित कर विशेष साफ-सफाई की जा रही है। अभियान को यथावत जारी रखा जाएगा।

### बीती रात चोरों ने टावर का एंगल किया पार

**प्रतापपुर।** नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 2 में बीती रात चोरों ने टावर का एंगल पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 2 बाबापारा में बीती रात टावर का एंगल चोरी कर रहे थे। इधर शोर की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो चोर कुछ एंगल को साथ लेकर फरार हो गई जबकि टॉवर से खोल कर रखे कुछ एंगल वही पड़ा था। एंगल चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया गया जागरूक

**सलका अधिना।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वावधान में सलका ग्रामीण बैंक परिसर पर नुक्कड़ नाटक व डांस के माध्यम से लोगों को ग्रामीण बैंक की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से संचालित जनहित कार्य योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने और बैंक के कार्य प्रणाली से लोगों को अवगत कराना था। खाता खोलने की सरल प्रक्रिया, नामांकन करना, एटीएम देना सहित उसके ओटीपी की गोपनीयता बनाए रखना, बैंक से मिलने वाले ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को विस्तार से बताया गया।

### स्वच्छता दीदियों ने हासिल की डिग्री

**अम्बिकापुर।** कहते है जहां चाह होती है वहां राह निकल ही आती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है एसएलआरएम सेंटर में काम करने वाली इन स्वच्छता दीदियों ने। कचरे के ढेर में काम करने वाली इन महिलाओं ने इस जीवन से भी आगे बढ़कर खुद की किस्मत लिखने की चाह रखी और अब बीए, एमए, एमएससी जैसी उच्च शिक्षा की डिग्री हासिल करने के बाद कचरा प्रबंधन के साथ-साथ शासकीय नौकरी करने का लक्ष्य लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहीं है। हम बात कर रहे है नगर निगम अम्बिकापुर को स्वच्छता प्रबंधन ने देशभर में पहचान दिलाने वाली स्वच्छता दीदियों की। हरिभूमि ने नए वर्ष के मौके पर शहर को सफलताओं की ऊंचाई पर पहुंचाने वाली इन स्वच्छता दीदियों से बात की तो हर महिला के जीवन की एक अलग ही कहानी निकलकर सामने आई। लोगों के घरों से कचरा कलेक्शन करने के साथ ही यूजर चार्ज लेने का काम करने वाली स्वच्छता दीदियों में से ही एक है मंजूषा कुजूर जिन्होंने ह्यूमन डेवलपमेंट विषय से अपनी एमएमसी की पढ़ाई पूरी की है। मंजूषा शहर के गंगापुर की ही रहने वाली है।

## कोरिया-एमसीबी जिले में हड़ताल का व्यापक असर

# ड्राइवरों की हड़ताल से थमे वाहनों के पहिए



प्रतीक्षा बस स्टैंड में खड़ी वाहन।



थाने में ज्ञापन सौंपने गए ड्राइवर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया और एमसीबी जिले में ड्राइवरों की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, खड़गवां, जनकपुर, भरतपुर, कोटाडोल, पटना, पंडोपारा सहित अन्य जगहों से चलने वाली यात्री बसों के पहिए थमे रहे।

- साल के पहले दिन यात्रियों को हुई काफी परेशानी

कोरिया और एमसीबी जिले में साल के पहले दिन सोमवार को हाहाकार मच गया, क्योंकि साल की पहली सुबह ही ड्राइवरों द्वारा ट्रांसपोर्टिंग गाड़ियों सहित यात्री बसों की हड़ताल कर दी गई, जिसकी वजह से नए साल में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, इसके अलावा बड़ी संख्या में निजी वाहन चालक भी इस हड़ताल में शामिल हैं। ऐसे में जिले के ज्यादातर पेट्रोल पंप में तेल की सप्लाई नहीं हो सकी। जिन पंप में पहले से तेल मौजूद था, वहां बिक्री की जा रही है। वहीं भविष्य में पेट्रोल की आपूर्ति प्रभावित होने की दर से लोगों ने भी भीड़ लगाकर पेट्रोल और डीजल लेना शुरू कर दिए हैं, जिले के ज्यादातर पेट्रोल पंप में लोगों की भीड़ लगी रही। जिले के कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने पर्याप्त स्टॉक होने की बात पर अब तक रिफिल टैंकर नहीं मंगाया है। वहीं कई पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि उन्हें रिफिल टैंकर नहीं मिल पा रहे हैं। पेट्रोल पंप की संचालिका सीमा रानी हस्सा ने बताया कि उनके पास पेट्रोल और डीजल की मात्रा पर्याप्त होने के कारण उन्होंने 1 जनवरी को रिफिल टैंकर नहीं मंगाया है। अभी वर्तमान में उनके पास 1000 लीटर पेट्रोल और 4500 लीटर डीजल का स्टॉक बना हुआ है। 2 जनवरी को रिफिल टैंकर मनाने के बाद ही पता चल पाएगा कि पेट्रोल आपूर्ति सही से हो पा रही है कि नहीं। वहीं कोयला उत्खनन कंपनी एसईसीएल से कोयला परिवहन करने वाली ट्रांसपोर्टिंग की गाड़ियां भी नहीं चली। इन ट्रांसपोर्टिंग ट्रक के ड्राइवरों ने भी तीन दिवसीय हड़ताल घोषित कर दिया है। वहीं कोयला उत्खनन करने के बावजूद उसका ट्रांसपोर्टिंग नहीं हो पाने के कारण साइडिंग में कोयले का बड़ा स्टॉक जमा हो गया है। दरअसल हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों ने सोमवार सुबह से हड़ताल शुरू कर दी है। छग में इसका मिला जुला असर देखने को मिल रहा है। उत्तर छग के कोरिया जिले में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के बस स्टैंड से यात्री बसें रवाना नहीं हो पाई। ट्रकों, डंपरों के पहिए भी थम गए हैं। यात्री बस स्टैंड आने के बाद परेशान होकर अपने घर वापस जाने के लिए विवश हो रहे हैं। वाहन चालक संघ के सदस्यों ने सुबह बस स्टैंड पर एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की और सरकार से काला कानून वापस लेने की मांग की है।

### हिट एंड रन कानून का कर रहे विरोध

सोमवार के दिन छग ड्राइवर महा संगठन के सैकड़ों सदस्य सिटी कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने थाना प्रभारी के नाम सूचना देकर 1 जनवरी से गाड़ियों को खड़ी करके बस स्टैंड बैकुंठपुर में प्रदर्शन करने की बात कही। वाहन चालकों ने बताया कि हमारी मांग जब तक पूरी नहीं की जाएगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। सरकार द्वारा कानून में किए गए संशोधन के तहत सड़क हादसे के बाद मौके से भागने वाले चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख रूपए तक जुर्माने का प्रावधान किया जा रहा है। हमारी मांग है कि सरकार इस कानून को वापस ले। एक्सीडेंट की घटना ड्राईवर कभी भी जानबूझकर नहीं करते हैं। वाहन चालक के विरूद्ध एक्सीडेंट करने पर कानून में किए जा रहे संशोधन को निरस्त किया जाए। दुर्घटना के बाद चालक मौके से नहीं भागे तो जमा हुई भीड़ मारपीट करने के साथ कई बार जान तक ले लेती है। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा जो जुर्माना और सजा का प्रावधान किया है, उसमें गरीब ड्राइवर कहां से राशि जमा भरेंगे और 10 साल की सजा होने पर परिवार का भरण - पोषण कैसे होगा। ड्राइवर संगठन ने सामूहिक रूप से नए कानून में संशोधन करने की मांग की है।

### कोयले के ट्रांसपोर्टिंग पर भी असर

एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र में उत्खनन क्षेत्र से साइडिंग तक ले जाने के लिए ट्रक और अन्य वाहन चल रही है, लेकिन इस कोयले को एनटीपीसी और अन्य जगहों पर ट्रांसपोर्ट करने के लिए चलने वाली ट्रक ड्राइवर के हड़ताल से प्रभावित है। कोयले का ट्रांसपोर्टिंग नहीं हो पाने के कारण साइडिंग में कोयले का स्टॉक जमा हो गया है।

### सोमवार की सुबह मंडी में पहुंची सब्जियां

ट्रक ड्राइवर की हड़ताल 1 जनवरी से शुरू हुई है, इस कारण 1 जनवरी की सुबह जल्दी ही सब्जी पहुंचने वाले वाहन मंडी में पहुंच गए थे। सब्जी व्यापारी राज कुशवाहा ने बताया कि क्योंकि 1 जनवरी की सुबह मंडी में सब्जी आ गई थी, इस कारण सब्जी की कीमतों में कोई अंतर नहीं आया है, लेकिन ड्राइवर की हड़ताल के कारण हो सकता है। 2 जनवरी से सब्जियों की गाड़ी ना आए, ऐसे में सब्जियों की कीमतों में भारी उछाल होने की संभावना बनी हुई है। वर्तमान में सब्जियों की कीमतें सामान्य बनी हुई है, इनमें टमाटर 20 रूपए किलो, मटर 40 रूपए किलो, आलू 20 रूपए किलो और प्याज 25 रूपए किलो की दर से बिक रहे हैं।



गुलजार पिकनिक स्पॉट।

# नई उम्मीदों के वर्ष 2024 के स्वागत में डूबे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नए वर्ष 2024 के जश्न में जिलेभर के लोग डूबे रहे। शहर के सागरपुर स्थित झुमका परिसर समेत अमृतधारा, गौरघाट समेत अन्य पिकनिक स्पॉट गुलजार रहे। यहां दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। वैसे तो रविवार-सोमवर की मध्यरात्रि से ही नए वर्ष की जश्न में समूचा शहर डूबा रहा। जगह-जगह लोग सपरिवार पिकनिक मनाने पहुंचे।

- नए साल पर जमकर मनाई खुशियां

दूसरी ओर सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से लोग नए वर्ष की शुभकामनाएं व संदेश देने में दिनभर व्यस्त रहे। झूमका की वोट से शैर की। नए वर्ष को सपरिवार एक साथ मानने के लिए लोग अपनी वाहनों सहित किराए पर वाहनों को बुक कर जिले की प्रसिद्ध पर्यटक स्थल अमृतधारा सहित झूमका जलाशय, रमदईया धाम, गेज बांध समेत अन्य जगहों पर गए। नएवर्ष को सभी लोगों ने अपने-अपने तरीकों से मनाया। 1 जनवरी को पूरे दिन पिकनिक का दौर जारी रहा।

### मंदिरों में मत्था टेक नए वर्ष की शुरुआत

नववर्ष के प्रथम दिवस 1 जनवरी को जिले के विभिन्न पिकनिक स्पाटो में मंदिरों व पर्यटन स्थलों पर लोग पहुंचे, सुबह से ही लोग मंदिरों व पिकनिक स्पाटों में पहुंचे। जिला मुख्यालय के शिव मंदिर, प्रेमाबाग मंदिर, रमदईया धाम समेत अन्य मंदिरों में लोगों का आना-जाना सुबह से ही प्रारंभ रहा, जो शाम तक चला, वहीं शहर के पिकनिक स्थान झूमका जलाशय, रमदईया धाम, गेज बांध में लोगों की लंबी भीड़ लगी रही। लोग बीते वर्ष को विदाई और नए वर्ष के आगमन को लेकर लोग पिकनिक मनाने दोस्त, रिस्तेदारों, परिजन समेत पहुंचे और पिकनिक भोज का आनंद लिया।

### पार्क में भी सपरिवार पहुंचे लोग

नए वर्ष को लेकर लोग जिला मुख्यालय स्थित टूरा-टूरी बगिया समेत इंदिरा पार्क में पहुंचे, जहां लोगों ने पार्क के सेलिब्रेट प्वाइंट में सेल्फी लिया और जिम समेत पार्क का लुफ्त उठाया। इस दौरान यहां भी सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। दूर-दराज से कई लोग पहुंचे और जमकर लुफ्त उठाएं।

## नए वर्ष के रंग गीत गजलों के संग

**मनेन्द्रगढ़।** संबोधन सांस्कृतिक मंच की प्रस्तुति मनेन्द्रगढ़ द्वारा नए वर्ष 2024 के स्वागत में साहित्य एवं सांस्कृतिक विकास का एक पन्ना और जुड़ गया। जब नए वर्ष के रंग गीत गजलों के संग कार्यक्रम के आयोजन के साथ संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान मनेन्द्रगढ़ ने नए वर्ष का स्वागत किया।

- संबोधन सांस्कृतिक मंच मनेन्द्रगढ़ की प्रस्तुति

संस्था द्वारा बूम फायर अलाव संस्कृति कार्यक्रम आयोजन में शास्त्रीय एवं अर्धशास्त्रीय गायन द्वारा कलाकारों ने वर्ष 2024 का खुले मन से स्वागत किया। जलते अलाव के चारों ओर बैठे हुए कलाकार एवं श्रोताओं के समूह ने मुख्यालय निदान क्लिनिक प्रांगण में रात्रि 8 बजे से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालक गौरव अग्रवाल ने मंच पर वरिष्ठ रचनाकार वीरेन्द्र श्रीवास्तव एवं एसएस निगम को आसन ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया। कलाकारों को नएवर्ष की बधाई देते हुए वर्ष 2024 के आगमन में अपनी प्रस्तुति के लिए कलाकार वेद प्रकाश पांडे को आमंत्रित किया। रुक जाना नहीं तू कहीं हार के गीत प्रस्तुति के साथ उन्होंने नए वर्ष का स्वागत किया। अंचल के शास्त्रीय गायन के चर्चित कलाकार सरदार हरमहेन्द्र सिंह, रमेश गुप्ता, सुभाष ने अर्धशास्त्रीय प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। गायक श्री सिंह ने छग के शीर्ष कवि एवं लेखक गिरीश पंकज के गीत अंधकार है, बेशक कायम मगर सवेरा भी आएगा गलत काम का हास्य यही है इंसान है तो पछताएगा की संगीतमय प्रस्तुति ने कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। कलाकार नरोत्तम शर्मा एवं चिंटू शर्मा के द्वारा प्रस्तुत गीतों ने जहां मंच पर समां बांधा, वहीं सतीश द्विवेदी एवं श्रीमती द्विवेदी के युगल गीत ने कार्यक्रम को ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। नए वर्ष के स्वागत में कलाकार अनवर राही, नंदिनी शर्मा, शैलेश जैन, उपकार शर्मा, यशोदा वैश्य, वेद प्रकाश पांडे, कलाकार सुभाष के गीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में रंग जमाया। देर शाम तक कार्यक्रम में राजू कक्कड़, अरविंद श्रीवास्तव, कल्याण केसरी, डॉक्टर निशांत श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव सहित संस्था सदस्यों एवं श्रोताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।



### जिले में घने कोहरे से दृश्यता हुई कम

**बलरामपुर।** जिले में कड़ाके की ठंड के साथ ही घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। घने कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई है और लोगों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान कोहरे के कारण दुर्घटनाएं भी सामने आ रही है। दिसंबर माह में बलरामपुर जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और न्यूनतम व अधिकतम तापमान में भारी गिरावट आई। हालांकि बादलों की आवाजाही के कारण तामपान में थोड़ी वृद्धि हुई है लेकिन ठंड का असर जारी है। इस बीच बादलों के कारण देर रात से ही जिले में घने कोहरे का असर है। सुबह भी 9 बजे तक नगरीय क्षेत्रों में घना कोहरा देखने को मिल रहा है ऐसे में लोगों को आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सोमवार को छग बटालियन कोरबा के तत्वाधान में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 20 से 29 दिसंबर तक ईव्हीपीजी कॉलेज कोरबा के प्रांगण में आयोजित किया गया।

इस शिविर में कोरिया, सूरजपुर, एमसीबी, बिलासपुर एवं जांजगीर-चांपा जिले से लगभग 450 कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी एवं अन्य सैन्य अधिकारी सम्मिलित हुए। अपने प्रारंभिक में कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल प्रियदर्शन चौधरी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कैडेट को जीवन में एकता और अनुशासन को आत्मसात करना चाहिए। अच्छे प्रशिक्षण से जीवन में सफलता मिलती है। प्रत्येक कैडेट को कैम्प में बिताए गए समय जीवन पर्यन्त याद रहता है। इस शिविर में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में 34 कैडेट्स सम्मिलित हुए। शीत ऋतु की विपरीत स्थितियों में सभी कैडेट्स ने जीवन जीने के गुर सीखे एवं कैडेट्स के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। कैम्प में शस्त्र और मैप रीडिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। सभी कैडेट्स ने रायफल की हैण्डलिंग एवं खोलना-जोड़ना सीखा। कैम्प में ड्रिल, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, रस्साकशी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कैम्प में फायर फाइटिंग, सॉप से जीवन रक्षा, साईबर क्राईम, ट्रैफिक कंट्रोल आदि की जानकरी समस्त कैडेट्स को प्रदान की गई। बैकुंठपुर के एनसीसी कैडेट्स ने सभी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इस कैम्प में उत्कृष्ट कार्य के लिए फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल को प्रशंसा पत्र दिया गया एवं ड्रिल में बैकुंठपुर के एनसीसी ट्रुप ने सीएसएम राधेश्याम पैकरा के नेतृत्व में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रश्नोत्तरी में कार्पोरल राजशेखर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन में कैम्प कमांडेंट एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल प्रियदर्शन चौधरी ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बधाई दी। ⏭ शेष पेज 4 पर



प्रशिक्षण में शामिल कैडेट्स एवं अधिकारी।

## ट्रेन के नीचे आया युवक, परिचालक ने बचाई जान

**अम्बिकापुर।** बीती रात रेलवे स्टेशन में शराब के नशे में धुत युवक ने जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में युवक पटरी पर लेट गया इस दौरान ट्रेन परिचालक ने सही समय पर युवक को देख लिया व ट्रेन रोककर उसकी जान बचाई। इस घटना के बाद स्टेशन में हड़कंप मच गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात एक युवक शराब के नशे में धुत होकर पटरी पर लेट गया था। इसी बीच अंबिकापुर शहडोल ट्रेन भी पटरी पर आ गया। पटरी पर लेटे हुए युवक को ट्रेन के परिचालक ने देख लिया व सूझबूझ से ट्रेन को रोककर युवक की जान बचाई। इस दौरान ट्रेन के नीचे युवक के आने की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची आरपीएफ की टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला गया। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## चिरायु ने लौटाई नन्हे बच्चों के जीवन में मुस्कान

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु ने जन्मजात बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को एक नया जीवन देने का काम किया है।

चिरायु की टीम ने गांव गांव में जाकर ना सिर्फ गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों की पहचान की बल्कि उनका उपचार भी कराया। जिन बच्चों का उपचार स्थानीय स्तर पर हो सकता था उन्हें तत्काल उपचार सुविधा उपलब्ध कराई गई चिरायु के माध्यम से जिले में 29649 लोगों का उपचार कराया गया है। उपचार के बाद बच्चे भी एक सामान्य जिंदगी जी सकेंगे और पढ़ाई के साथ ही खेल गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 0 से 18 वर्ष तक के ऐसे बच्चों का चिन्हांकन किया जाता है चिरायु की टीम द्वारा गांव गांव में कैम्प लगाकर ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा जाता है।

## पटना में सर्व ब्राह्मण समाज कोरिया की बैठक में की गई विभिन्न विषयों पर चर्चा

# प्री वेडिंग शूट जैसी पाश्चात्य सभ्यता को रोकेगा ब्राह्मण समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गायत्री मंदिर परिसर पटना में सर्व ब्राह्मण समाज की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज सुधार की दिशा में अनेक प्रस्ताव पारित किए गए, साथ ही विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई।

बैकुंठपुर क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक भईयालाल राजवाड़े का सम्मान भी समाज के द्वारा किया गया, साथ ही महिला इकाई जिलाध्यक्ष के रूप में श्रीमती वंदना शर्मा को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत समाज की बैठक अराध्य देव भगवान परशुराम जी के छायाचित्र पर समाज के वरिष्ठजन ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके बाद मंच पर उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने समाज सुधार की दिशा में अनेक बाते कहीं। इस अवसर पर समाज में फैली अनेक कुरीतियों को दूर करने के बारे में भी चर्चा की गई और तमाम कुरीतियों से सामाजिक जन को दूर रखने के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की गई। सामाजिक जन ने समाज की एकता पर बल दिया और कहा कि आज समाज के लोग हर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ब्राह्मण समाज का प्रत्येक सदस्य अपने आप में एक प्रभावशाली भूमिका में होता है, हमारा समाज ऐसा समाज है जो कि अन्य समाजों को दिशा दिखलाता है, विप्र समाज पर अन्य समाज का भी भरोसा बना रहना चाहिए। कार्यक्रम की श्रृंखला में महिला इकाई के बारे में चर्चा की गई, इसके तहत ब्राह्मण समाज पटना इकाई की अध्यक्ष श्रीमती नेहा शर्मा ने श्रीमती वंदना शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा ,जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन करते हुए उन्हें महिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया । जिला सचिव योगेन्द्र मिश्रा ने समाज के द्वारा किए जा रहे कार्यो को विस्तारपूर्वक सबके सामने रखा। मंच संचालन रूद्र मिश्रा ने किया और मंचस्थ अतिथियों का परिचय कराया। इसके पश्चात समाज संबंधी प्रस्ताव पारित किए गए। इसके तहत समाज के द्वारा प्री वेडिंग शूट जैसी कुरीति के ⏭ शेष पेज 4 पर



ब्राह्मण समाज की बैठक में उपस्थित अतिथि।

### विधायक का किया गया सम्मान

इस अवसर पर समाज के द्वारा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक भईयालाल राजवाड़े का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जहां श्री राजवाड़े को विधायक बनने पर बधाई दी गई। समाज के प्रत्येक सदस्यों का स्वयं विधायक ने माल्यार्पण किया। उन्होंने अपने जीत के लिए समाज का विशेष आभार व्यक्त किया, और कहा कि वे समाज का कर्ज कभी नहीं चुका पाएंगे,लेकिन जब भी मदद की जरूरत पड़ी तो अवश्य ही खड़ा रहूंगा,समाज को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का उन्होंने वादा किया।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** बाजार से घर लौट रही महिला के पीछे से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला घायल हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मोतीपुर निवासी सावित्री मंगलवार का साप्ताहिक बाजार दरिमा खरीदारी करने परिजन के साथ गई थी। शाम को घर आने लगी और जैसे ही स्कूल चौक के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीयू 6017 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन ने उसे तत्काल संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट श्रीमती नान कुंवर पति जंगल राम ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

1-JAN-JSP-KORIYA-RAG-BHOOMI-pg-2_Layout 1 1/1/2024 8:22 PM Page 1



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# पाउला अब्दुल ने निगेल लिथगो के खिलाफ दायर किया मुकदमा लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप



**लॉस एंजेलिस।** अमेरिका की मशहूर सिंगर पाउला अब्दुल ने 'सो यू थिंक यू कैन डांस' के जज निगेल लिथगो के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। सिंगर ने यह मामला कैलिफोर्निया के यौन दुर्व्यवहार और जवाबदेही अधिनियम की समाप्ति से 72 घंटे से भी कम समय पहले दयार किया है। पाउला अब्दुल ने बताया कि निगेल लिथगो अब्दुल टेलीविजन प्रतियोगिता शो के सबसे प्रसिद्ध निर्माताओं में से एक हैं। वे अपने करियर के बर्बाद होने के डर की वजह से निगेल के खिलाफ नहीं बोल पाईं। अब उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निगेल के खिलाफ शिकायत की है और केस भी दर्ज कराया है। हालांकि इस पर अभी तक निगेल की तरफ से कोई सफाई नहीं दी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पाउला अब्दुल ने अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न के बारे में बताया कि, 'सो यू थिंक यू कैन डांस' में जज बनीं, तो निगेल ने मुझे रात के खाने पर अपने घर बुलाया था। पाउला ने बताया कि निगेल ने उनसे कहा कि वे दोनों एक पावर कपल बनेंगे।

## टॉलीवुड

# बाढ़ पीड़ितों की मदद करते दिखे दलपति विजय, सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल

**चेन्नई।** तमिल अभिनेता दलपति विजय थूथुकुडी (तूतीकोरिन) और तिरुनेलवेली जिलों के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए तूतीकोरिन हवाई अड्डे पर पहुंचे। अभिनेता अपनी एक्टिंग के साथ समाजसेवा के लिए भी जाने जाते हैं। वे यहां उन परिवारों को राहत सामग्री वितरित करने के लिए पहुंचे थे, जो हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। अभिनेता की कई तस्वीरें और वीडियो उनके फैन क्लबों की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए हैं। वायरल तस्वीरों में विजय स्थानीय लोगों से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। वह नीली शर्ट और काली पैंट पहने दिख रहे हैं। एक्स पर विजय के एक फैन पेज द्वारा साझा की गई पोस्ट के कैप्शन में लिखा, र्नम्मा दलपति विजय तूतीकोरिन में बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री प्रदान करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे हैं। भारी बारिश ने पूरे तमिलनाडु में तबाही मचाई है। थूथुकुडी और तिरुनेलवेली जिले सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से हैं। इससे हजारों लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इन इलाकों में बहुत से लोगों को खाने पीने से लेकर रहने तक की समस्या खड़ी हो गई है।



## भोजपुरी

# पवन सिंह का गाना हुआ 100 मिलियन पार, फैंस का मिला बेशुमार प्यार



**मुंबई।** पावर स्टार पवन सिंह के गाने की रेंज क्या होती है, इससे हर कोई वाकिफ है। लेकिन इसी बीच हम उनके एक गाने की बात करें तो वो गाना 100 मिलियन व्यूज के क्लब में शामिल हो गया है। गाना है कलकतिया राजा, जिसे पावर स्टार पवन सिंह ने अपनी आवाज दी है और इसके म्यूजिक वीडियो में भी नजर आए हैं। पवन सिंह का यह गाना लोगों को खूब पसंद आया है और अब भी खूब वायरल हो रहा है. इस गाने में पवन सिंह का जादू लोगों के सर चढ़ कर बोल रहा है। पवन सिंह इस गाने को मिल रहे लोगों के रिस्पांस से गदगद हैं और सबका आभार जताया है। पवन सिंह की माने तो यह गाना बेहद मजेदार है। लेकिन ये नहीं सोचा था कि जनता का इतना प्यार मिलेगा का कि 100 मिलियन के आंकड़े को भी पार कर जाएगा। पवन ने कहा कि मैं कोई भी गाना कितना व्यूज जायेगा, ये सोच कर नहीं करता. मेरे लिए मेरी जनता का मनोरंजन जरूरी है और संगीत, जो मेरी आत्मा में बसती है, वो जरूरी है। ऐसे जब दिल से आवाज निकलती है और जनता के दिलों तक पहुंचती है, तो गिनती की सीमा टूट जाती है। पवन ने कहा कि यह साल जा रहा है और इस साल में मैंने लोगों का खूब मनोरंजन किया है। वादा करता हूं कि यह क्रम आगे भी जारी रहेगा और आपका भाई पवन सिंह एक से बढ़कर एक गाने के साथ हाजिर होता रहेगा।

## लाइफ स्टाइल

## न्यूयार्क में दीवानगी

न्यू यॉर्क फैशन वीक हर साल फरवरी और सितंबर में आयोजित किया जाता है। वर्ष 2024 में यह 7 फरवरी से प्रस्तावित है। मैनहट्टन में फैशन से जुड़ी यह एक अर्ध-वार्षिक श्रृंखला होती है, जो आम तौर पर 7 से 9 दिनों तक चलती है। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय फैशन संग्रह खरीदारों, प्रेस और आम जनता को के बीच ट्रेंड के मुताबिक कलेक्शन दिखाए जाते हैं। न्यूयार्क फैशन वीक का डिजाइनरों और मॉडल सहित फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है।



# कोल्ड वैक्सिंग करवाते हुए इन टिप्स को न करें नजरअंदाज

आजकल बहुत सी महिलाएं अनचाहे बालों को हटाने के लिए कोल्ड वैक्सिंग का सहारा लेती हैं। लेकिन अगर आप कोल्ड वैक्सिंग करवा रही हैं तो आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए। जब भी आप कोल्ड वैक्स को अपनी स्किन पर लगाएं, तो यह अवश्य सुनिश्चित करें कि आपकी स्किन अच्छी तरह क्लीन हो। इसलिए हमेशा यह सलाह दी जाती है कि अपनी स्किन पर मौजूद तेल, लोशन या गंदगी को हटाने के लिए पहले जेंटल क्लींजर का इस्तेमाल करें। अगर आप चाहती हैं कि कोल्ड वैक्स से आपको अधिक बेहतर रिजल्ट मिले और इनग्रोन हेयर की समस्या का सामना ना करना पड़े तो आप अपनी बॉडी को एक्सफोलिएट भी जरूर करें।



हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि आप उसी दिन एक्सफोलिएट ना करें, बल्कि एक या दो दिन पहले अपनी स्किन पर स्क्रब अप्लाई करें। कुछ लोग यह सोचते है कि कोल्ड वैक्स हॉट वैक्स से अधिक सुरक्षित है, इसलिए वे इसे सीधे ही अपनी स्किन पर अप्लाई करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, अगर आप पहली बार कोल्ड वैक्स कर रही हैं तो हमेशा एक छोटे से एरिया पर पैच टेस्ट करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि कोल्ड वैक्स आपकी स्किन पर किस तरह रिएक्ट कर रही है। हॉट वैक्स की ही तरह कोल्ड वैक्स को अप्लाई करने का भी एक सही तरीका होता है।

# कहीं इन वजहों से तो आपके बाल नहीं दिखते डल, जानिए

कई लोगों के बाल बहुत अधिक बेजान व डल नजर आते हैं। इसके लिए वे कई उपाय अपनाते हैं। लेकिन उन्हें बालों के डल दिखने के कारणों की जानकारी नहीं होती है। तो चलिए जानते हैं इस बारे में। कई बार ऐसा होता है कि हम तेज धूप में ओपन हेयर लुक में बाहर निकलते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बालों की शाइन कहीं खो जाती है और बाल डल नजर आने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार बहुत अधिक हवा चलने पर भी अगर बाइक आदि से ओपन हेयर में घूमा जाए तो इससे बाल डल हो सकते हैं। हम कभी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन हेयर ड्रायर का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से भी बाल डल नजर आ (दो मुंहे बाल) सकते हैं। अमूमन हम अपने बालों को वॉश करने के बाद उन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन उसके बाद बालों पर सीरम नहीं लगाते हैं, जिससे बाल रूखे व डल बन जाते हैं।



# नए साल पर करनी है आउटिंग तो इन कपड़ों को दें प्राथमिकता




लोगों का ऐसा मानना है, कि जितनी खुशी के साथ आप नए साल का स्वागत करेंगे, आपका आने वाला समय उतनी ही खुशियों भरा होगा। ऐसे में हर कोई नए साल वाले दिन अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय व्यतीत करता है। अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ कहीं जाने या अपने शहर में ही आउटिंग का प्लान बना रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है।

दरअसल, अब जब नया साल आ गया है तो सर्दी भी अना सितम ढा रही है। ऐसे में नए साल पर आउटिंग के लिए आपको कपड़ों का ध्यान देने की बेहद जरूरत है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो ठंड के मौसम में आपकी तबियत खराब हो सकती है। इसी के चलते आज के लेख में हम आपको नए साल की आउटिंग के लिए कुछ फैशन टिप्स देंगे, ताकि ठंड भी आपसे दूर रहे और आप स्टाइलिश भी दिखें।

**जींस-टॉप:** अगर ऐसे कपड़े पहनने का सोच रहीं हैं जो फुल भी हों, और जिसको पहनकर आपका लुक प्यारा भी लगे तो सबसे बेहतर विकल्प तो जींस और फुल टॉप ही है। वुलेन टॉप आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे, जिसे आप कैरी करके जलवा दिखा सकती हैं।

**फ्लोरल कुर्ता:** सर्दी के मौसम में जह हल्की-हल्की धूप निकलती है तो इस तरह का फ्लोरल कुर्ता आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में अगर आप अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो इस तरह का कुर्ता पहन सकती हैं। इसके साथ आप ओपन स्वेटर कैरी कर सकती हैं।



**ड्रेस के साथ कोट :** अगर आप ड्रेस पहनने का सोच रही हैं तो इसके साथ ब्लेजर काफी कमाल का लगेगा। इस लुक को पूरा करने के लिए पैरों में बूट जरूर पहनें। ये आपको सर्दी से बचाएगा।

**ब्लेजर:** अगर आप क्लासी लुक कैरी करना चाहती हैं, तो जींस के साथ इस तरह का ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा, साथ में इसकी वजह से आपको सर्दी भी नहीं लगेगी। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं।

**ओवर साइज स्वेटर:** इस तरह का ओवर साइज स्वेटर देखने में कमाल का लगता है। ऐसे स्वेटर को आप जींस के साथ कैरी कर सकती हैं। इसके बाद अगर आप अपने बालों में मेसी बन बनाएंगी तो आपका लुक बेहद कूल दिखेगा।

# नए साल पर दें ये खास तोहफे

नए साल की शुरुआत होने जा रही है। नए साल के स्वागत को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है। साल का पहला दिन लोग अपने परिवार व दोस्तों के साथ मनाना चाहते हैं। वही अपने करीबियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर इस वर्ष की शुरुआत करते हैं। इस मौके पर लोग पार्टी करते हैं और घूमने जाते हैं। हालांकि आप नए साल के जश्न को अधिक यादगार बनाने के लिए अपने दोस्तों या परिवार के सदस्यों को न्यू ईयर गिफ्ट दे सकते हैं। यहां नए साल के लिए कुछ खास तोहफे का आईडिया दिया जा रहा है, जिसे पाकर आपके प्रियजन खुश हो जाएंगे। आईए जानते हैं नए साल के लिए बेहतरीन गिफ्ट आइडिया

### डायरी

नए साल पर दोस्त या परिवार के किसी सदस्य को तोहफे में डायरी दे सकते हैं। डायरी उनके काफी काम आ सकती है। लोग अपने दिल की बात, अपने विचार या रोज की रूटीन को अपनी डायरी में लिख सकते हैं। इसके अलावा वह जरूरी बातों को या जानकारी को भी डायरी में संजोकर रख सकते हैं। डायरी न्यू ईयर रेजोल्यूशन की याद दिलाने के लिए भी एक अच्छा तरीका है।



### स्मार्ट वॉच

नए साल के मौके पर आप अपने परिवार के किसी सदस्य या दोस्त को तोहफे में स्मार्ट वॉच दे सकते हैं। स्मार्ट वॉच फिटनेस और लाइफस्टाइल को मेंटेन करने में काफी मददगार होती है। इसके अलावा रूटीन लाइफस्टाइल को भी आसान बना सकती है। स्मार्ट वॉच के फीचर काफी काम के होते हैं।

### किताब

अगर आपके दोस्त या परिजनों को पढ़ने का का शौक है तो उन्हें तोहफे में किताब दे सकते हैं। किताब उनके मनचाहे विषय पर होनी चाहिए। चाहे वह अध्यात्म से जुड़ी हो या फिटनेस, लाइफ स्टाइल और कविता-कहानियों का संग्रह हो।

### ग्रीटिंग कार्ड

नया साल बिना ग्रीटिंग के कार्ड के अधूरा है। नए साल के मौके पर दोस्तों, रिश्तेदारों को न्यू ईयर की आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तोहफे में दे सकते हैं। ग्रीटिंग में सुंदर शुभकामना संदेश लिख कर दीजिए।

# स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लेजर स्वेटर के साथ ऐसे पहनें मफलर

सर्दी के मौसम में मफलर पहनने का ट्रेंड काफी पुराना है। मफलर आपको स्टाइलिश बनाने के साथ गर्मी देने का भी काम करता है। इसलिए अधिकतर लोग विंटर सीजन में मफलर को पहनना पसंद करते हैं। या यूं कहें कि मफलर के बिना विंटर वार्डरोब पूरा नहीं हो सकता है।

और हो न हो, शायद आप भी मफलर के शौकीन हैं! जैकेट, ब्लेजर, स्वेटर आदि विंटर टॉप वियर्स के साथ मफलर को लोग कैरी करते हैं। कई लोग इसे गले में लटका लेते हैं तो कई लोग गले में लपेट लेते हैं और कई लड़के मफलर को सिर पर बांधे दिखाई देते हैं। मगर सबसे पहले हमें मफलर को सही तरीके से पहनना मालूम होना चाहिए।



**जैकेट्स:** विंटर जैकेट्स सर्दी के मौसम में अधिकतर लड़के पहनते हैं। मगर इसके साथ मफलर को पहनने का तरीका बहुत कम लोगों को पता है। इसी वजह से वे लोग मफलर पहनने के बाद अच्छे नहीं दिखते हैं। इसलिए जैकेट्स और मफलर को सही तरीके से पहनना जान लें।

**पहला तरीका:** विंटर जैकेट्स के साथ मफलर को पहनने का सही तरीका है- उसको गले में लटका लें। दोनों ओर से बराबर रूप से मफलर के दोनों सिरे लटके हुए होने चाहिए। यहां पर एक बार ध्यान रखें कि मफलर की लेंथ जैकेट्स की लेंथ से बड़ी नहीं होनी चाहिए।

**दूसरा तरीका:** इसके अलावा मफलर को दोहरा करके अपनी गर्दन के दोनों तरफ डालें। मफलर के खुले छोर वाले हिस्से को दूसरी तरफ वाला फंदा बने हिस्से में डालकर हल्का सा कस लें। इस स्टाइल में खूबसूरत दिखेंगे और ये सबसे आसान तरीका होता है।

**स्वेटर्स:** स्वेटर्स और मफलर का कॉम्बिनेशन सबसे पुराना है। ये दोनों लंबे समय से एक दूसरे के साथ ही रह रहे हैं। मगर इसके साथ ही मफलर पहनते वक्त कई पुरुष गलतियां कर देते हैं।

कार्नर न्यूज

## बनारसी साड़ी को वॉशिंग मशीन में कभी न धोएं

# सालों तक नई दिखेगी आपकी बनारसी साड़ी, धोते समय रखें इन बातों का ध्यान

बनारसी साड़ी में किसी भी महिला का लुक क्लासी और रॉयल लगता है लेकिन अधिकतर महिलाएं चाह कर भी बनारसी साड़ी ज्यादा नहीं पहन पातीं। इसकी वजह होती है महंगी बनारसी साड़ियों के खराब होने का डर होना। ऐसे में अगर आपके पास भी बनारसी साड़ी हैं तो उसके रखरखाव और साफ करने के तरीकों के बारे में जरूर जान लें।

### बनारसी साड़ी धोते समय इन बातों का रखें ध्यान

*बनारसी साड़ी को साफ करते समय छोटी सी गलती से भी आपकी साड़ी खराब हो सकती है। अपनी बनारसी साड़ी को सालों तक नई जैसी रखने के लिए इन बातों को ध्यान रखें।*

### बनारसी साड़ी धोने का तरीका

*बनारसी साड़ी को वैसे तो ड्राई क्लीन करवाया जाता है, लेकिन अगर आप घर पर ही बनारसी साड़ी धो रही हैं तो हल्के साबुन या डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। हार्ड साबुन से आपकी बनारसी साड़ी का कपड़ा खराब हो जाता है। हल्के साबुन का घोल बनाकर उससे साड़ी को धोना चाहिए।*



### साड़ी को रगड़ कर न धोएं

अक्सर महिलाएं बनारसी साड़ी को अन्य कपड़ों की तरह ही ब्रश से रगड़ कर धो देती हैं। हालांकि बनारसी साड़ी को साफ करने के लिए ब्रश का इस्तेमाल कभी न करें। इससे साड़ी फट सकती है। हल्के हाथों से साड़ी को रगड़कर धोएं। बनारसी साड़ी को वॉशिंग मशीन में कभी न धोएं। हाथों से ही हल्का रंगड़ कर साड़ी धोना चाहिए।

### साड़ी धोने के लिए इस्तेमाल करें ठंडा पानी

*बनारसी साड़ी को धोने के लिए हमेशा ठंडे पानी का उपयोग करें। गर्म पानी से साड़ी का कपड़ा खराब हो सकता है। ठंडे पानी से बनारसी साड़ी धोने से उसका रंग भी नहीं उतरता है और कपड़ा साफ भी हो जाता है।*

### बनारसी साड़ी पर लगे दाग हटाने का तरीका

*अगर आपकी बनारसी साड़ी में कोई दाग लग गया है तो उसे हटाने के लिए कभी भी हार्ड वॉशिंग पाउडर या प्रोटीन स्टेम रिमूवर का इस्तेमाल न करें। न ही डिटर्जेंट में साड़ी को भिगोकर रखें। ऐसा करने से भले ही साड़ी का दाग साफ हो जाए, लेकिन साड़ी का रंग भी फेड हो जाता है। दाग निकालने के लिए प्रोटीन स्टेन रिमूवर को केवल दाग वाली जगह पर डालें और साफ कर लें।*



# प्रभास की नई फिल्म का ऐलान, पोस्टर जारी...

**मुंबई।** सलार की सफलता के बाद प्रभास की एक और फिल्म का ऐलान हो गया है। प्रभास अब डायरेक्टर मारुति संग काम करने जा रहे हैं। मारुति ने खुद प्रभास संग अपनी नेक्स्ट फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद तो एक्टर के फैंस की खुशी का ठिकाना ही नहीं है। मारुति ने फिल्म का पोस्टर जारी कर प्रभास की अगली फिल्म की अनाउंसमेंट की है। पोस्टर देखकर एक्टर के फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। मारुति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, उत्साहित और लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहा था।

लाइफ Style

# करीना

## पोस्ट किया नए साल का मंत्र

एजेंसी ▶▶ मुंबई

करीना कपूर फैमिली संग न्यू ईयर वेकेशन पर स्विट्जरलैंड पहुंच गई हैं। करीना अपने पति सैफ अली खान, अपने बच्चों तैमूर, जेह और करीबी दोस्त नताशा पूनावाला के साथ छुट्टियों पर हैं। उन्होंने अपना 2024 का मंत्र शेयर किया है। करीना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर नए साल के मंत्र का खुलासा किया।

करीना ने अपनी पोस्ट में लिखा, 2024 मंत्रः मैं अपने जीवन के उस पड़ाव पर हूं, जहां मैं खुद को बहस से दूर रखती हूं। भले ही आप मुझे 1+1=5 बताएं, आप बिल्कुल सही हैं, एन्जॉय करें। बता दें, करीना अपनी लाइफ स्टाइल और खूबसूरती को लेकर हमेशा चर्चा में रही हैं। वह सैफ से शादी करने और बच्चों के नाम तैमूर और जहांगीर रखने पर भी बुरी तरह ट्रोल हो चुकी हैं। करीना कई इंटरव्यूज में कह चुकी हैं कि उन्हें ट्रोल और लोगों के कमेंट्स कोई फर्क नहीं पड़ता। वह नेटिजंस की बातों पर रिएक्ट्स करना पसंद नहीं करती हैं। बता दें कि करीना को फिल्म इंडस्ट्री में 23 साल हो गए हैं। साल 2000 में आई फिल्म रिफ्यूजी से उन्होंने बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक हिट और फ्लॉप फिल्में दी हैं। एक दौर था जब उनकी गिनती टॉप और यंग एक्ट्रेस में होती थी। लेकिन अब बढ़ती उम्र के साथ ही उनकी पॉपुलैरिटी में भी कमी आ रही है। साथ ही उन्हें काम मिलने में भी दिक्कते आ रही हैं। साल 2001 से लेकर 2016 तक उनकी हर साल 3 से 6 फिल्में आती थी। लेकिन इसके बाद से उनकी एक ही फिल्म आ रही है। बड़े पर्दे पर वह पिछली बार 'लाल सिंह चड्ढा' में दिखाई दीं, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुई थी।



हॉलीवुड मसाला



# बढ़ती पहचान से होता है अच्छा महसूस

**लॉस एंजेलिस।** फिल्म निर्माता क्रिस्टोफर नोलन 'ओपेनहाइमर' के अब तक की सबसे सफल फिल्म बनने के बाद फिल्म इंडस्ट्री की अपनी पहचान को लेकर अच्छा महसूस करते हैं। उन्होंने बताया, मैंने अभी रॉबर्ट ओपेनहाइमर के बारे में तीन घंटे की फिल्म बनाई है, जो आर-रेटेड है और आधी ब्लैक-एंड-व्हाइट में है और इसने एक अरब डॉलर कमाए हैं। मुझे लगता है कि फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। अजीब बात यह है कि यह सचमुच मेरी अब तक की सबसे सफल फिल्म है।




# शकीरा की बनी 21 फीट ऊंची प्रतिमा...

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर शकीरा होमटाउन से मिले सम्मान को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर होमटाउन बैरेंक्विला में बनी अपनी प्रतिमा साझा की। पोस्ट में उन्होंने लिखा, मैं कोलंबियाई महिला और मेरी भूमि के अंदर और बाहर बैरेंक्विला को इस ट्रिब्यूट से बहुत उत्साहित हूं। पोस्ट में ही, शकीरा ने 21 फीट ऊंची मूर्ति का एक वीडियो अपलोड किया, जिसे कलाकार यिनो मार्क्स ने बनाया था। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिमा में 2005 में रिलीज हुए अपने हिट 'हिप्स डोंट लाई' के म्यूजिक वीडियो से आइकोनिक डांस मूव को प्रदर्शित किया। शकीरा ने प्रतिमा की कई तस्वीरें शेयर की, जिसमें उनके माता-पिता मुस्कुराते हुए और मूर्ति के सामने एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए क्लिक करा रहे हैं।



# अपने रंग के कारण हुईं ह्युमिलिएट...


**मुंबई।** एक्ट्रेस बरखा बिष्ट इन दिनों अपनी फिल्म 'सफेद' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में बरखा एक ट्रांसजेंडर की भूमिका में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने तलाक और सिंगल मदर होने की चुनौतियों का दर्द बयां किया है। करियर की शुरुआत में एक्ट्रेस को अपने रंग को लेकर भी काफी कुछ झेलना पड़ा था। उनका कहना था कि उस वक्त उन्हें वो बातें सुनकार काफी बेइज्जती महसूस होती थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'करियर की शुरुआत में मैं अपने रंग के कारण मैं बहुत ह्युमिलिएट हुई हूं। मुझे काफी कुछ झेलना पड़ा था। शूट के दौरान जब मैं मेकअप करके आती थी, मुझसे कहा जाता था, मेकअप ब्राइट करो, ये सुनकर बहुत बेइज्जती महसूस होती थी। एक्ट्रेस ने कहा कि सिंगल पैरेंट होना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है। मेरे पास ऐसे बहुत से उदाहरण है।



# नेचुरल फिट रहने की करता हूं कोशिश

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने कहा, मैं फिटनेस के लिए जितना जुनूनी हूं उससे कहीं ज्यादा मैं नेचुरल फिट रहने की कोशिश करता हूं। मुझे जिम से ज्यादा बाहर स्विमिंग करना पसंद है, मैं बैडमिंटन खेलना, सीढ़ियां चढ़ना, कसरत करना, हेल्दी खाना, जैसे मेरा मानना है कि शुद्ध घी अगर सही मात्रा में खाया जाए तो हमें फायदा होगा। अक्षय कुमार ने कहा, मैं आजकल देखता हूं कि यंग लड़के-लड़कियां इस देसी घी नहीं खाते कि वो कहीं मोटे न हो जाएं। बहुत जरूरी है कि हम यह समझें कि क्या हमारी फिटनेस के लिए अच्छा है और क्या बुरा है। डॉक्टर की सलाह से आप अपना लाइफस्टाइल बदलो न की किसी फिल्म स्टार की बॉडी देखकर। अभिनेता ने कहा, 'नए साल में हमें अपने आप से वादा करना चाहिए कि कोई केमिकल और शॉर्टकट एक्सरसाइज न करें।

टीवी मसाला




# इक्क कुड़ी पंजाब दी : तनीषा ने पहना दुल्हन का लहंगा

**मुंबई।** टीवी शो 'इक कुड़ी पंजाब दी' के वेडिंग सीक्वेंस में दुल्हन के शानदार पहनावे से अभिनेत्री तनीषा मेहता ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। शो में बेहतर लुक देने के लिए एक्ट्रेस ने खुद को स्टाइल दिया। गुरुद्वारे में शादी के सीक्वेंस के लिए ड्रेस के बारे में तनीषा ने खुलकर बात की। तनीषा ने एक लुभावने हल्के नीले और सुनहरे रंग का लहंगा चुना, जिसमें सुंदरता और शिष्टता झलक रही थी। तनीषा ने कहा, हर लड़की एक खूबसूरत दुल्हन के रूप में तैयार होने का सपना देखती है। इस उद्योग में एक पेशेवर के रूप में, मैं कई बार इस जादुई क्षण का अनुभव करने के लिए भाग्यशाली रही हूं। लेकिन यह वास्तव में विशिष्ट है और मेरे पसंदीदा में से एक है। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हल्के नीले और सुनहरे रंग का संयोजन दुल्हन की ड्रेस में इतना अच्छा लगेगा, लेकिन जैसे ही इसे अंतिम रूप दिया गया, मेरी क्रिएटिव टीम और मैं परिणाम से रोमांचित थे। मैं इतना उत्साहित थी कि मैं ड्रेस से मेल खाने के लिए सही आभूषण ढूंढने के लिए टीम के साथ घूमी क्योंकि मैं चाहती थी कि यह एकदम सही हो।

## जैस्मीन ने की एयरलाइंस की आलोचना

**मुंबई।** छुट्टियां मनाने के लिए मुंबई से जम्मू जा रही अभिनेत्री जैस्मिन भसीन ने अपने सबसे खराब उड़ान अनुभव के बारे में बात करते हुए एयरलाइंस की जमकर आलोचना की है। जैस्मीन ने इंस्टाग्राम पर अपनी सेल्फी शेयर की, जिसमें वह फ्लाइट के अंदर अपने सिर पर हाथ रखकर बैठी हुई देखी जा सकती हैं। फोटो में उन्होंने नीला टॉप और धूप का चश्मा पहना हुआ है। फोटो को कैप्शन दिया, जम्मू की जगह दिल्ली पहुंच गई, धन्यवाद । उन्होंने उड़ान के अनुभव को याद किया और बताया कि कैसे उन्होंने विमान में 10 घंटे बिताए और वापस मुंबई में ही उतरीं। अभिनेत्री ने लिखा, यह



मेरे जीवन की सबसे खराब उड़ान थी, 10 घंटे से अधिक समय तक विमान में थी, मुंबई से विमान में चला और मुंबई में उतरा, इसलिए मैं कहीं नहीं पहुंची, केबिन क्रू मददगार था और उसने अपना सर्वश्रेष्ठ किया लेकिन मैनेजमेंट और एडमिनिस्ट्रेशन के साथ अनुभव भयानक था।


# सितारों ने पुराने साल को कहा अलविदा

## अब नए साल में नए रोमांच की प्रतीक्षा...

**मुंबई।** हर तरफ नए साल की धूम देखने को मिल रही है। नए साल के लिए बड़े से लेकर छोटे पर्दे के सितारे भी कम एक्साइटेड नहीं है। जहां कुछ स्टार्स अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए मुबंई से रवाना हो गए हैं, तो वहीं कुछ सेलेब्स सोशल मीडिया पर फैंस को अपने साल 2023 की कुछ यादगार पलों की झलक दिखा रहे हैं। आइए देखते हैं कि किस-किस सेलिब्रेटी ने इंस्टाग्राम पर अपने साल 2023 के लिए स्पेशल वीडियो शेयर किया है।

**माधुरी दीक्षित :** इंडस्ट्री की 'धक-धक गर्ल' माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर साल 2023 की यादों से भरा एक खास वीडियो शेयर किया है। अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'उन सभी उतार-चढ़ावों का जश्न मनाना, जिन्होंने इस वर्ष को वास्तव में उल्लेखनीय बना दिया।'

**रवीना टंडन :** केजीएफ 2 से सिनेमा में वापसी करने वाली एक्ट्रेस रवीना टंडन भी न्यू ईयर 2024 को लेकर काफी खुश हैं और उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो भी शेयर किया है। इस क्लिप में वो व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस में स्टाइल से वॉक करती दिखाई दे रही हैं और फैंस को न्यू ईयर की बधाई दे रही हैं।



**करिश्मा कपूर :** बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर भी नए साल के सेलिब्रेशन को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने अपनी लेटेस्ट फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर भी की है। व्हाइट कलर की कुर्ती में वे बेहद खूबसूरत लग रही है और हर किसी को एक्ट्रेस ने अपने नए लुक से दीवाना बना दिया है। फोटो के कैप्शन में करिश्मा ने 'क्रूज आउट ऑफ 2023' लिखा है।

**सोनाली बेंद्रे :** एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे ने भी साल 2023 को अलविदा कहते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अदाकारा ने 2023 की अपनी शानदार यादों की झलक फैंस को दिखाई है और उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, '2023 की यात्रा के लिए आभारी हूं। 2024 में नए रोमांच की प्रतीक्षा में!'

**जेनेलिया डिसूजा :** जेनेलिया डिसूजा भी नए साल का स्वागत करने के लिए बेताब हैं और उन्होंने शानदार तरीके से साल 2023 को बॉय-बॉय भी बोला है। जेनेलिया डिसूजा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें वो इस साल की सारी यादों की झलक दिखा रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'धन्यवाद 2023–आप दयालु रहे2024 में चलते हुए– यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि मेरे लिए क्या है। साल के अंतिम दिन की हार्दिक शुभकामनाएँ, नव वर्ष की शुभकामनाएं।



# आइस स्केटिंग देख खुला रह गया लोगों का मुंह

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस एली अवराम अक्सर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय शख्सियत हैं। एली अक्सर अपने नए प्रोजेक्ट्स और फिल्मी दुनिया से अलग काम कर रही चीजों के बारे में प्रशंसकों के साथ अपडेट साझा करती रहती हैं। हालांकि, इस बार एक्ट्रेस ने एक ऐसा वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका टैलेंट देखकर हर कोई हैरान है। एली के शेयर किए गए वीडियो में हर कोई उनकी अदाओं का दीवाना हो गया है। सामने आए वीडियो में एली को पूरे जोश के साथ आइस स्केटिंग करते हुए देखा जा सकता है।

## साउथ अफ्रीका पहुंचीं अनुष्का पति संग मनाएंगी नववर्ष...



मुंबई। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपने पति विराट कोहली के साथ नए साल का जश्न मनाने के लिए मुंबई से रवाना हो गई हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर लेटेस्ट फोटोज वायरल हो रही है, जिसे देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि वो साउथ अफ्रीका की हैं। वायरल हो रही फोटोज में अनुष्का किसी रेस्तरां में बैठी दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस की फोटो के ऊपर अनुष्का शर्मा इन साउथ अफ्रीका लिखा हुआ है और उनकी ये फोटोज किसी फैन ने दूर से क्लिक करके सोशल मीडिया पर शेयर की है।

## नए साल सेलिब्रेट करने मुंबई से रवाना हुए विक्की और कैट...



**मुंबई।** नए साल का जश्न मनाने के लिए सेलेब्स लगातार विदेश जा रहे हैं और उनकी वीडियो और फोटोज इंटरनेट पर जमकर वायरल भी हो रहे हैं। बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर कपल विक्की कौशल और कैटरीना कैफ भी न्यू ईयर सेलिब्रेट करने निकल गए हैं। मुंबई एयरपोर्ट से विक्की और कैटरीना का लेटेस्ट स्पॉटेड वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों इस दौरान एयरपोर्ट पर एक-दूसरे का हाथ थामे दिखाई दिए हैं। इससे पहले विक्की और कैटरीना ने खास अंदाज में क्रिसमस मनाया था।

## सनी ने न्यू ईयर से पहले फैंस को दी खास ट्रीट



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी न्यू ईयर को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और वो खास अंदाज में नए साल का वेलकम करने की तैयारी कर रही हैं। सनी अपनी फैमिली के साथ कश्मीर की वादियों में नए साल का जश्न मनाने वाली हैं और वहां से उनका नया वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। सनी ने इंस्टाग्राम पर अपना नया वीडियो शेयर किया है,जिसमें उनके साथ उनके पति भी दिखाई दे रहे हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए एक्ट्रेस अपनी फैमिली के साथ कश्मीर ट्रिप पर गई हैं।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में 551 मरीजों का उपचार

**वाड्रफनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से आए 551 लोगों के स्वास्थ्य एवं आंखों की जांच कर निःशुल्क तथा 70 जरूरतमंद को चश्मा वितरित किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक चिकित्सक उपस्थित थे। मरीजों ने अपनी रूचि के अनुसार चिकित्सकों से स्वास्थ्य जांच कराई।

### बाइक भिड़ंत में दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

**बिश्रामपुर।** लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करवा में स्थित हाई स्कूल चौक के पास दो मोटरसाइकिल में आमने सामने भिड़ंत हो गयी है। बताया गया कि प्लसर बाइक सवार ग्राम पंचायत बतरा निवासी 26 वर्षीय हरीश पिता खलेश्वर व 18 वर्षीय कौशल राजवाड़े पिता वीरू राजवाड़े शनिवार की रात अंबिकापुर से वापस अपने घर लौट रहा था, तभी ग्राम पंचायत कसकेला से एएफ डीलक्स मोटरसाइकिल में वापस अपने घर परिवार के साथ ग्राम महेशपुर लौट रहे 26 वर्षीय पंकज पैकरा की बाइक को करवा हाई स्कूल चौक के पास जबर्दस्त टक्कर मार दी।

### चोरों ने मध्यान्ह भोजन का दो क्विंटल चावल किया पार

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कसलगिरी में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर स्कूल में रखे मध्यान्ह भोजन के 2 क्विंटल चावल को चोरी कर साथ ले गए हैं। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कसलगिरी में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने स्कूल में रखे मध्यान्ह भोजन योजना के 2 क्विंटल चावल को चोरी कर ले गए हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एनसीसी का संयुक्त ...

कैम्प के संचालन में सूबेदार मेजर डूंगर सिंह, सूबेदार एसएस घोरपड़े, सूबेदार मुकेश कुमार, नायब सूबेदार जनरैल सिंह, हवलदार महेश पाटिल, हवलदार अविनाश कुमार, हवलदार नामगिल, हवलदार धर्मेन्द्र कुमार आदि सैन्य अधिकारियों एवं एनसीसी अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कैम्प से लौटने पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो, पूर्व एनसीसी अधिकारी द्वय आरपी सिंह, यूएस शुक्ला, सेवानिवृत्त शिक्षक आदित्य नारायण मिश्रा, प्रधान पाठक आरपी शुक्ला, नरेश तिवारी, राजीव जायसवाल, प्रभात मिश्रा, वाईके मिश्रा,श्रीमती नाजिमा खातून, श्रीमती पी. वर्मा, तपानाथ पाठक, आरएस गुप्ता, श्रीमती ममता पाण्डेय, श्रीमती रत्ना पटेल, श्रीमती सरिता खलखो, श्रीमती किरण शुक्ला, ताहिर आजमी, श्रीमती मधु त्रिपाठी, साजदा खातून, ममता ओझा, निर्मल सोनी, श्रीमती पूजा शुक्ला, विमल कुमार, दीपक साहू, मेघराज मुकर्जी, रेशम लाल जांगड़े, दिनेश, चंद्र प्रकाश, अल्फिया, मो.आरिफ ढेबर सहित विद्यालय परिवार ने बधाई प्रेषित की है।

### प्री वेडिंग शूट जैसी ...

खिलाफ आवाज उठाने और इसे बंद करने का प्रस्ताव पारित किया गया। वरिष्ठ जन के द्वारा यह निर्देश दिया गया कि हम सब अपने परिवार में वैवाहिक कार्यक्रम के पूर्व प्री वीडियो शूट को बंद करें, इससे समाज में परिणय सूत्र में बंधने की पवित्रता का नुकसान हो रहा है और हम जैसा आचरण करेंगे वहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए आचरण का विषय होता है। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठ जन ने पूर्व की भांति आने वाले महीने में एक वृहद उपनयन संस्कार कराने का प्रस्ताव पारित किया। वैवाहिक परिचय सम्मेलन कराने और प्रेमाबाग परिसर में निर्माणाधीन भगवान परशुराम मंदिर के संबंध में प्रारंभ से लेकर अब तक की गतिविधि के बारे में सभी को अवगत कराया गया। साथ ही यह प्रस्ताव पास किया गया कि सर्व ब्राह्मण समाज इस मंदिर के निर्माण में अपना तन मन धन जिसके द्वारा थोड़ा भी समर्पित किया गया है, उसका सूचिकरण किया जाए, सभी के नाम और उनकी सहयोग राशि का एक रजिस्टर बनाया जाए और मंदिर के आंतरिक दीवारों पर एक किनारे सभी का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कराया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी को सहयोगी परिजन का नाम याद रहे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य गुरू प्रसाद दुबे, राजकुमार मिश्रा, रविशंकर शर्मा, उमाशंकर शुक्ला, रामनिवास मिश्रा, ईश्वर शरण दुबे, शारदा दुबे, रामसिया मिश्रा, गोपाल शर्मा, बद्री प्रसाद त्रिवेदी, सुरेश मिश्रा, रूपनारायण मिश्रा, दीप कुमार चौबे, राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, श्रीकांत द्विवेदी, पीएन तिवारी, चंद्रशेखर अवस्थी, नरेश तिवारी, शैलेन्द्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बहुरूपिया कलाकारों को देखने उमड़ा जनसैलाब

# एकल में वीर हनुमान बने अर्जुन व समूह में अंधविश्वास उन्मूलन गुरूचरण ने मारी बाजी


बहुरूपिया प्रतियोगिता में उपस्थित मंत्री सहित अन्य।


प्रतियोगिता में शामिल कलाकार।

### सेल्फी विद बहुरूपिया

बहुरूपिया महोत्सव का लुत्फ उठाने उमड़े जनसमुदाय ने न केवल कलाकारों का हौसला बढ़ाया, बल्कि उनके साथ सेल्फी लेने के लिए भी लोगों की कतार लगी रही। नागरिकों ने कहा कि बहुरूपिया कलाकारों के साथ सेल्फी लेकर वे इस पल को यादगार बना देना चाहते हैं। नागरिक जब कलाकारों के साथ मोबाइल पर सेल्फी ले रहे थे तो बहुरूपिया कलाकार भी पूरे जोश और उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे।

**सांस्कृतिक मंच का अनूठा आयोजन**

- विदा वर्ष को यादगार बनाने मनेन्द्रगढ़ में उतरा बहुरूपियों का संसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

विलुप्त होती बहुरूपिया कला को प्रोत्साहित करने व विदा वर्ष को खुशनुमा बनाने के उद्देश्य से क्षेत्र के समग्र विकास के लिए संकल्पित संस्था मनेन्द्रगढ़ सांस्कृतिक मंच द्वारा 31 दिसंबर रविवार को बहुरूपिया प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

मध्यान्ह 12 से सायं साढ़े 5 बजे तक बहुरूपिया कलाकारों ने अपनी भाव-भंगिमा व उत्कृष्ठ कला से नगरवासियों व बाहर से आए जनसैलाब का भरपूर मनोरंजन किया। बहुरूपिया प्रतियोगिता में एकल और समूह मिलाकर कुल 70 प्रतिभावान कलाकारों में बाल विवाह अपराध, नशामुक्त भारत अभियान, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक शराब, जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान, कम उम्र में घर का बोझ उठाती नारी, ऑनलाइन बाजार से रोजी-रोटी को खतरा, महंगाई की मार झेलती लाडली बहना, लैला-मजनू, भारत माता, जंगल बचाओ आदिवासी आंदोलन, छत्रपति शिवाजी, चंद्रयान-3, छत्तीसगढ़ महतारी, गौरैया चिड़यिा, चलो अयोध्या धाम, देश का सिपाही, शिव का अर्द्धांगिनी रूप, भगवान कृष्ण, काला बाबा, जोकर, काशी के अघोरी और महादेव, अंधविश्वास उन्मूलन करते सर्वधर्म बाबा, वृद्ध माता-पिता, सिकंदर, हनुमान, मदर टेरेसा, बिच्छू, नरसिंह अवतार, एड्स से बचाव, आत्मरक्षा के लिए बेटियों को प्रशिक्षण, सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए जागरूकता लाते यमराज, गौवंश संरक्षण का संदेश देते विभिन्न रूप अख्तियार किए बहुरूपिया कलाकारों ने नगरवासियों का भरपूर मनोरंजन कर अपनी कला के माध्यम से शहर की जनता का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। सायं 5:30 बजे तक बहुरूपिया कलाकारों के प्रदर्शन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह स्थल श्रीराम मंदिर प्रांगण में किया गया। नगर के 10 विभिन्न स्थानों पर बैठे निर्णायकों के द्वारा बहुरूपिया कलाकारों को जमकर परखा गया। पहली बार कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पूरे छग में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, कलेक्टर नरेन्द्र दुग्गा, एडिशनल एसपी निमेष बरैया, एसडीओपी एलेक्स टोप्पो, एसडीएम अभिलाषा पैकरा, तहसीलदार श्री तिवारी, जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, समाजसेवी कैलाश खेड़िया, भाजपा नेता लखनलाल श्रीवास्तव, संजय अग्रवाल, राहुल सिंह, सरजू यादव, धर्मेन्द्र पटवा रहे। मंच का संचालन रामचरित द्विवेदी ने किया। राष्टगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कलाकारों ने सामाजिक बुराइयों को किया उजागर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि बहुरूपिया प्रतियोगिता अनूठी प्रतियोगिता है ,इसमें बहुरूपिया कलाकारों द्वारा जीवन के अनेक पहलुओं को जीते हुए सामाजिक बुराईयों को उजागर किया गया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने हमारी संस्कृति, सभ्यता को सामने रखा है। उन्होंने आयोजन के लिए सांस्कृतिक मंच के सभी सदस्यों को बधाई दी। स्वास्थ्य मंत्री ने मंच से एमसीबी जिले को बड़ी सौगात देते हुए मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मॉडल बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए क्षेत्र से किसी मरीज के रायपुर पहुंचने पर वहां उनके ठहरने और इलाज की संपूर्ण व्यवस्था किए जाने का प्रयास किया जाएगा।

### इन्होंने प्रतियोगिता में दर्ज की जीत

बहुरूपिया प्रतियोगिता में एकल वर्ग में अर्जुन जायसवाल-वीर हनुमान प्रथम, हरिराम यादव-सिकंदर द्वितीय एवं बिच्छु बने करन बसोर प्रतिभागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसी प्रकार समूह में गुरूचरण सिंह कालरा-अंधविश्वास उन्मूलन प्रथम, सुनील केशरवानी - चंद्रयान द्वितीय व ऑनलाइन खरीदी - सरगुजा समिति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में टॉप टेन प्रतिभागियों में सोमू यादव, सूरजभान केशरवानी - गौरैया चिड़यिा, श्रवण कुमार - कृष्णा, गोविंद यादव - हसदेव बचाओ अभियान, इंद्रपाल सिंह - ऑक्सीजन मैन, संतोष कुमार यादव - नरसिंह अवतार, मुन्ना एंड ग्रुप - एड्स से बचाव, ईश्वर दीवान - गौरक्षा, अंश सोंधिया - चलो अयोध्या धाम, मां दुर्गा ग्रुप - जंगल की रक्षा शामिल रहे।


कैलेंडर का विमोचन करते विधायक भईयालाल।

## कर्मचारी फेडरेशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा 31 दिसंबर को विधायक भईयालाल राजवाड़े के द्वारा वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया । कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी, सदस्यों एवं कर्मचारियों के द्वारा विधायक श्री राजवाड़े के निवास स्थान पर कैलेंडर का विमोचन बड़े धूमधाम से किया गया।

इसमें कोरिया जिला के कर्मचारी-अधिकारी सभी विभागों से सम्मिलित हुए। ज्ञात हो कि कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन प्रतिवर्ष अपने वार्षिक कैलेंडर का विमोचन करते हैं। इसमें सभी कर्मचारी हर्षोल्लास के साथ सम्मिलित होते हैं एवं वार्षिक सम्मेलन भी किया जाता है। इस बार भी वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय बैकुंठपुर के रामपुर नर्सरी में 13 जनवरी 2024 को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें सभी विभागों के कर्मचारी, अधिकारी शामिल रहेंगे। वार्षिक कैलेंडर के विमोचन के दौरान संभागीय सहसंयोजक राजेन्द्र सिंह, संरक्षक शंकर सुमन मिश्रा ,संयोजक अशोक यादव, महासचिव विश्वास भगत, कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े, संगठन सचिव रवि प्रकाश मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद नय्यर अंसारी ,प्रवक्ता सुरेश एक्का, प्रवक्ता परमेश्वर राजवाड़े, वाहन प्रभारी जिलाध्यक्ष जमुना प्रसाद राजवाड़े, स्वास्थ्य संघ से अतर सिंह, सचिव संघ से जिला अध्यक्ष राम विनोद, सहसचिव दीपक तिर्की, श्रीमती नेम कुमारी, संजय सूर्यवंशी सहित पदाधिकारी, कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे।

## रात को सपना लेकर सोए थे और सुबह उनकी चली गई सरकार : नेताम



**प्रतापपुर।** कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम का आज प्रतापपुर रेस्ट हाउस पहुंचे। क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते सहित कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। रेस्ट हाउस में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं के संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि ऐसी हर हुई कि कांग्रेस मूर्छित हो गई है। रात को सपना लेकर सोए थे और सुबह उठने तक उनकी सरकार चली गई। उन्होंने शक्कर कारखाना में हुए भ्रष्टाचार को लेकर एक बार फिर से बुलडोजर चलाने की बात कही है। शक्कर कारखाना के भ्रष्टाचार को लेकर जांच कर उचित कार्रवाई करने कहा। क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कैबिनेट मंत्री की बात को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि जनता के हित में कार्य करें। क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा सरकार हमेशा आगे है। कांग्रेस सरकार में जो कार्य रुके हुए थे उसे पूर्ण रूप से विकास की गति की ओर ले जाना है। मंत्री रामविचार नेताम रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा क्षेत्रवासियों की समस्या सुनते के साथ ही क्षेत्र में विकास करने की बात कही। इस दौरान अक्षय तिवारी, मुकेश तायल, लाल संतोष सिंह, अजीत शरण सिंह, शंकर जायसवाल, शिबू सिंह, नवीन, सोनू जायसवाल, विनोद जायसवाल, विजेंद्र कश्यप, मुकेश गुप्ता, हरी गुप्ता, गुलाब तिवारी, अवधेश पांडे, अंकुर जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अधिकारियों को लगाई फटकार

मंत्री रामविचार नेताम ने प्रतापपुर क्षेत्र में व्यवस्था को लेकर जिले के उच्च अधिकारियों एवं स्थानीय अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि अपने रवैया को सुधार करे और किसी प्रकार का कार्य में लापरवाही न करें नहीं तो सभी लोगों की फाइल खुलनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भ्रष्टाचार व कमीशन खोरी को किसानों के धान में अफरा तफरी कोच्चियों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शिक्षा व रोजगार से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के जीवन स्तर में आया बड़ा बदलाव



- हड़िया शराब, बासी भोजन त्यागकर जी रहे सामान्य जीवन दूसरों को भी कर रहे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर।

शिक्षा जीवन का आधार है और यदि कोई व्यक्ति शिक्षित हो जाए तो उसके जीवन स्तर में परिवर्तन आ जाता है। यही वजह है कि शिक्षा को हमारे सभ्य समाज में सबसे बड़ा स्थान दिया गया है।

शिक्षा की बदौलत पुरानी से पुरानी रूढ़िवादी परम्पराओं से लड़ने में सहायता मिलती है इसका जीता जागता उदहारण सरगुजा जिले में निवास करने वाले पहाड़ी कोरवा व पंडो ग्रामीण है। वर्तमान समय में पंडो समाज के युवाओं ने ना सिर्फ शिक्षा हासिल की बल्कि अपनी पढ़ाई के दम पर उन्हें शासन से शासकीय नौकरी भी मिली। शिक्षित होने के साथ ही अब रोजगार हासिल कर चुके विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं में एक बड़ा बदलाव आया है इसके साथ ही अब अब उनसे जुड़े समाज के लोगों का जीवन स्तर भी सुधर रहा है और अपनी कुरीतियों से ऊपर उठकर वे भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ने का काम कर रहे है। हम बात कर रहे है सरगुजा में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति की। छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है व सरगुजा जिले की बात की जाए तो यहां सर्वाधिक पहाड़ी कोरवा, पंडो समाज के लोग निवास करते है। वर्षों से दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले इन विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों का जीवन आभावग्रस्त ही रहा है। अशिक्षा व समाज की मुख्य धारा से दूर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग अब तक हड़यिा शराब, बासी भोजन तक ही सीमित रहा है।

### चलाया जा रहा है विशेष अभियान

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पीवीटीजी अभियान चलकर विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदाय के लोगों का जीवन स्तर सुधारने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत 144 पहाड़ी कोरवा युवाओं को सहायक शिक्षक, भृत्य व अन्य पदों पर नौकरी दी गई है। शिक्षा व शासकीय नौकरी के बाद समाज में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है और वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहे है।

-डीपी नागेश
सहायक संचालक आदिवासी विकास

### कर रहे दूसरों को जागरूक करने का प्रयास



मैंने 12 वीं तक की शिक्षा हासिल की है और सीधी भर्ती में सहायक शिक्षक की नौकरी हासिल की। शिक्षा व शासकीय नौकरी के बाद हमारे जीवन में बदलाव आया है और हम अब प्रयास कर रहे है कि समाज के अन्य युवा भी मुख्य धारा से जुड़ सके। समाज के लोगों में पढ़ाई के प्रति रूचि जागृत हुई है। इसके साथ ही हम समाज के लोगों को कुरीतियों के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास कर रहे है।

-लक्ष्मण राम, सहायक शिक्षक लुंड्रा

### समाज के बच्चे दिखा रहे पढ़ाई में रूचि



मैंने भी 12वीं तक की शिक्षा हासिल की और सहायक शिक्षक के रूप में कार्य कर रही हूं। शिक्षा व नौकरी के कारण हमारे जीवन में परिवर्तन आया। मेरे पति भी सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ है। हमारे परिवार को देखकर समाज के अन्य लोग भी शिक्षा के प्रति विशेष रूचि दिखा रहे है। शिक्षित लोगों द्वारा समय समय पर सामाजिक बैठक बुलाई जाती है और लोगों को कुरीतियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। अब हमारे समाज के बच्चे भी पढ़ना चाहते है।

-विजय लक्ष्मी पंडो, सहायक शिक्षक डिण्डो

## अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीणों को अनावश्यक न करें परेशान : पोर्ते



हरिभूमि न्यूज ⏭ पोड़ीमोड़

विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत धरमपुर व भरदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते शिविर में शासन के कई महत्वाकांक्षी व कल्याणकारी योजनाओं की शपथ लीं। उन्होंने सभी विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारी से कार्य कराने के निर्देश दिए जिसे क्षेत्र के लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही पटवारी, बिजली विभाग, वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि कोई भी कर्मचारी ग्रामीणों को अनावश्यक परेशान न करे। उन्होंने कहा कि धरमपुर व कोटेया, बगडा, भरदा हाथी प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत कटौती नहीं होना चाहिए। मोदी की गारंटी की ही गारंटी है, सभी गरीबों की पक्की मकान होगी और बारिश के दौरान होने वाली परेशानी खत्म हो जाएगी।

साथ ही भोजन बनाने के लिए सिलेंडर गैस दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास प्रमाण पत्र, अन्नप्राशन संस्कार, गोद भराई के अलावा स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, लाल संतोष सिंह, सुनिल गुप्ता, दीपिका नेताम शिवचरण नापित, विजेन्द्र कश्यप, विनोद जायसवाल, राजेश कश्यप, अजीत गुप्ता, शिवम गुप्ता, मनीष मिश्रा सहित अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 27 हाथियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना वन अमले के लिए बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पिछले तीन दिनों से वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर एवं वन परिक्षेत्र धौरपुर के बीच भ्रमण कर रहा 27 सदस्यीय हाथियों का दल वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह बाधा उत्पन्न कारने के कारण हाथी अपने गंतव्य की ओर नहीं जा पा रहे हैं तथा इधर-उधर भटक जा रहे हैं। किसी भी क्षेत्र में हाथियों का अधिक समय तक रूकना खतरनाक साबित हो सकता है लेकिन ग्रामीण इस बात को नहीं समझ पा रहे हैं।

लम्बे समय से प्रतापपुर जंगल में भ्रमण कर रहा 27 हाथियों का दल एक पखवाड़े पूर्व राजपुर, धौरपुर वन परिक्षेत्र के रास्ते जशपुर स्थित बादलखोल अभ्यारण्य की ओर निकला था। हाथियों ने वन परिक्षेत्र धौरपुर अंतर्गत ग्राम डांड़गांव तक का लम्बा सफर जंगल के रास्ते तय किया इसलिए कहीं बाधा नहीं हुई, लेकिन आगे कुछ सफर मैदानी इलाकों का होने के कारण हाथियों को पिछले एक सप्ताह से लगातार ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। रात में हाथी जैसे ही अपने मार्ग पर अग्रसर होते हैं ग्रामीण उनका रास्ता रोक देते हैं। अलग अलग दिशाओं से तेज रोशनी के टार्च जलाने एवं पटाखा फोड़ने से हाथियों का दल अलग-अलग दलों में बंट जाता है तथा हाथी अपना रास्ता भटककर दूसरे इलाकों में चले जाते हैं। ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने के बाद लगातार दो दिनों तक डांड़गांव एवं दोरना के बीच भटकने के बाद हाथियों का दल पिछले चार दिनों से शहर से से गझाडांड़ जंगल से उदारी आना-जाना कर रहा है।

यहां से लुण्ड्रा जंगल जाने के दौरान ग्रामीण रास्ता बाधित कर दे रहे, जिससे इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है। दो दिन पूर्व गजडांड़ जंगल से वन अमले ने सुरक्षित उदारी जंगल तक हाथियों को ड्राइव किया था। हाथियों के आगे बढ़ने के दौरान बीती रात ग्राम बांसा एवं उदारी के ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने पर हाथी बटवाही जंगल पहुंच गए।

### शिविर में आमजनों को योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**कोरबा।** आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर मो. 9425255110, 9425269110

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर स्पेशल ट्रेन 12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर: सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।